**प्लाज़्मा भौतिकी केन्द्र – प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान**
**CENTRE OF PLASMA PHYSICS-INSTITUTE FOR PLASMA RESEARCH**
An aided institute of Department of Atomic Energy, Govt. of India.
**नाजीराखात, सोनापुर-782 402, असम, (भारत) Nazirakhat, Sonapur-782 402, Assam, India** Web: www.cppipr.res.in


**विज्ञापन सं./ ADVT.NO.03/2025**

प्लाज़्मा भौतिकी केन्द्र-प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (सीपीपी-आईपीआर) प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर), गांधीनगर का एक "केंद्र" है, जो परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार का एक सहायता प्राप्त संस्थान है। **सीपीपी-आईपीआर, नज़िराखात, सोनापुर, कामरूप (एम), असम में स्थित है**, जो बुनियादी प्लाज़्मा भौतिकी और प्लाज़्मा के तकनीकी अनुप्रयोगों के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर अनुसंधान और विकास गतिविधियों में लगा हुआ है। **वे उम्मीदवार, जो प्रयोगात्मक और सैद्धांतिक/कम्प्यूटेशनल प्लाज्मा भौतिकी के व्यापक क्षेत्रों में डॉक्टरेट अनुसंधान करने के इच्छुक हैं, उन अत्यधिक प्रेरित और परिणाम उन्मुख उम्मीदवारों से सीपीपी-आईपीआर निम्नलिखित अस्थायी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।**

Centre of Plasma Physics-Institute for Plasma Research (CPP-IPR) is a "centre" of Institute for Plasma Research (IPR), Gandhinagar, an aided institute of Department of Atomic Energy, Govt. of India. **CPP-IPR, located at Nazirakhat, Sonapur, Kamrup (M), Assam** is engaged in a wide range of research and development activities in the field of basic plasma physics and technological applications of plasmas. **Applications are invited from highly motivated and result oriented candidates to pursue doctoral research in the broad areas of experimental and theoretical/computational plasma physics for the following temporary posts.**

| क्र.सं. Sr. No. | पद का नाम और पद कोड /Name of the Post & Post Code | पदों की संख्या/ No. of Posts | आवश्यक योग्यताएँ Essential Qualifications | सीपीपी-आईपीआर में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि /The last date of receipt of applications at CPP-IPR |
|---|---|---|---|---|
| 01 | जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ) **Junior Research Fellow (JRF)**<br><br>पोस्ट कोड / **Post code: - CPP-IPR/ JRF/2025** | **03 (three)** | एम.एससी. अंतिम वर्ष की परीक्षा में भौतिकी / अनुप्रयुक्त भौतिकी में न्यूनतम 60% अंकों के साथ उत्तीर्ण किया हो। आवेदक ने स्नातक स्तर पर भौतिकी एवं गणित का अध्ययन किया हो।<br>**M. Sc.** in Physics/Applied Physics with a minimum aggregate of 60% marks in the M.Sc. final examination. Applicant should have Physics and Mathematics at the under graduate level.<br>शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को प्लाज़्मा भौतिकी केंद्र – प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (CPP-IPR) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। NET / JEST / GATE उत्तीर्ण उम्मीदवार प्रत्यक्ष साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते हैं।<br>Shortlisted candidates will be invited to appear for a national-level written test followed by an interview to be conducted by CPP-IPR. NET/JEST/GATE qualified candidates may appear for the interview directly. | **31.05.2025** |

**कार्य की प्रकृति:** उम्मीदवार को प्रयोग/सिद्धांत/मॉडलिंग और अन्य शोध-संबंधी कार्यों में अनुसंधान कार्य करना होगा।

**NATURE OF WORK:** The candidate will be required to do research work in experiments/theory/modeling, and other research-related works.

**आयु सीमा**: 31/05/2025 तक 28 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। भारत सरकार के अधिसूचना के अनुसार अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट स्वीकार्य है। आयु सीमा में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए पांच वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए तीन वर्ष और दिव्यांग व्यक्ति के लिए दस वर्षो की छूट प्राप्त है।

**AGE LIMIT: Not more than 28 years on 31/05/2025. Age relaxation is admissible to SC/ST/OBC/Differently-abled candidates as per Govt. of India notifications. The age limit is relaxable by five years for SC/ST, three years for OBC, and ten years for Differently-abled person.**

**कार्यकाल:** शुरुआत में जूनियर रिसर्च फेलो (JRF) की नियुक्ति दो वर्षों की अवधि के लिए की जाएगी तथा संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के आधार पर इस अवधि के पश्चात तीन वर्षों के लिए सीनियर रिसर्च फेलो (SRF) के रूप में पदोन्नति/विस्तार दिया जाएगा।

**TENURE:** Junior Research Fellow (JRF) will be appointed initially for a period of two years and will be extended/promoted to Senior Research Fellow (SRF) for three more years' subject to satisfactory performance.

**पारिश्रमिक:** ₹37,000/- प्रतिमाह + HRA (समेकित)जो संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन दो वर्षों के बाद 42,000/- + मकान किराया भत्ता प्रति माह तक बढ़ा दिया जाएगा। इसके अलावा, शोध स्कॉलर संस्थान के नियमों के अनुसार आकस्मिक अनुदान के रूप में 40,000/- (केवल चालीस हजार रुपये)की राशि प्राप्त करने के पात्र हैं।

**REMUNERATION:** ₹37,000/-p.m. + HRA (Consolidated) which will be raised to 42,000/- + HRA per month after two years, subject to satisfactory performance. In addition, scholars are eligible to get an amount of Rs. 40,000/- (Rupees forty thousand only) per annum as contingency grant as per institute rules.

**चयन प्रक्रिया:** उपरोक्त मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार इस विज्ञापन में दिए गए आवेदन पत्र को भरकर पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। शॉर्ट-लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को राष्ट्रीय स्तर की लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जो सीपीपी-आईपीआर द्वारा आयोजित की जाएगी और उसके बाद साक्षात्कार होगा। केवल स्क्रीनिंग के लिए आयोजित की जाने वाली एकल पेपर (बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित)लिखित परीक्षा संभवतः जून /जुलाई , 2025 में आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को सीपीपी-आईपीआर में व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। नेट (NET)/ जेस्ट (JEST)/ गेट (GATE) में उत्तीर्ण छात्र सीधे साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। अंतिम चयन केवल व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले और नेट/जेस्ट/गेट उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर यह सुनिश्चित की जाएगी कि साक्षात्कार लिखित परीक्षा के ही दिन आयोजित की जाएगी या बाद में। लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए किसी भी उम्मीदवार को कोई यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए चुने गए उम्मीदवारों को वैध टिकट प्रस्तुत करने पर सबसे छोटे मार्ग से आने-जाने के स्लीपर श्रेणी के रेलवे/बस किराए का भुगतान किया जाएगा।

निर्धारित आवश्यक योग्यताएँ न्यूनतम हैं और मात्र इन अर्हताओं के होने से उम्मीदवार लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाता। यदि आवेदनों की संख्या अधिक होती है, तो संस्थान लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए निम्नलिखित पद्धतियों में से एक या अधिक को दिए गए क्रम में अपनाकर शॉर्टलिस्टिंग मानदंड अपनाएगा:

- एम.एससी. परीक्षा में प्राप्त अंकों का प्रतिशत।

• नेट (NET)/ जेस्ट (JEST)/ गेट (GATE) स्कोर।

**SELECTION PROCESS:** The candidates who satisfy the above criteria may apply for the positions by filling the application form given in this advertisement. The short-listed candidates will be invited to appear for a national-level written test that will be conducted by CPP-IPR followed by an interview. The single paper (multiple choice questions based) written test, to be conducted only for screening, will be held likely in June/July, 2025. Candidates qualifying in the written test will be called for personal interview. NET/JEST/GATE qualified candidates may directly appear for the interview. Final selection will be made based on the performance in the personal interview only. Based upon the number of candidates who qualify in the written test and those qualified in NET/JEST/GATE examinations, the interview may be held on the same day of the written test or later as notified. No TA/DA will be admissible to any candidate for attending the written test. However, candidates selected for the personal interview will be paid to and fro sleeper class railway/bus fares via the shortest route on production of valid tickets.

The prescribed essential qualifications are the minimum and mere possession of the same does not entitle the candidate to be called for written test/interview. In the event of number of applications being large, the institute will adopt short-listing criteria to restrict the number of candidates to be called for written test/interview to a reasonable number by one or more of the following methods in the given sequence.

- Percentage of marks obtained in the M.Sc. examination.
- NET/JEST/GATE score.

## सामान्य जानकारी GENERAL INFORMATION:

1. केवल भारतीय मूल के अभ्यर्थी ही आवेदन के पात्र है। उपरोक्त रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और संस्थान की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर इसे बढ़ाया/घटाया जा सकता है।
   Only Indian Nationals need to apply. **The number of vacancies indicated above are provisional and may be increased/decreased depending on the actual requirement of the institute.**
2. आवेदन प्रपत्र भरने से पूर्व उम्मीदवारों को विस्तृत विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। कृपया केवल उसी स्थिति में आवेदन प्रपत्र भरें जब आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपके पास पद के लिए निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताएँ हैं, अन्यथा आपका आवेदन बिना किसी सूचना के सीधे निरस्त कर दिया जाएगा। Before filling up the application form, candidates must go through the detailed advertisement. Please proceed to fill the application form only if you are satisfied that you possess the minimum essential qualifications stipulated for the post, otherwise, submitted application(s) shall be out-rightly rejected.
3. सभी उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारित करने की तिथि, जब तक अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, आवेदन प्रपत्र जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि होगी।
   The date for determining the eligibility of all the candidates in every respect shall be the prescribed **closing date for submission** of application form, unless specified otherwise.
4. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने सभी विवरण केवल बड़े अक्षरों में आवेदन पत्र में सावधानी से भरें और निर्धारित स्थान पर हाल ही का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ चिपकाएं। कृपया आवेदन पत्र के साथ जन्म तिथि, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आयु में छूट आदि के समर्थन में दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करें। गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर उम्मीदवारी समाप्त हो सकती है। सीपीपी-आईपीआर भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अपेक्षित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
   Applicants are advised to fill in all their particulars in CAPITAL LETTERS ONLY in the application form carefully and paste a recent passport size color photograph. Please attach self-attested copies of the documents to support **date of birth, educational qualifications, experience, age relaxation, etc. along with the application form**. Submission of wrong information may lead to rejection. CPP-IPR reserves the right to reject applications not fulfilling the requisite criteria at any stage of the recruitment process.

5. सभी योग्यताएं मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालयों/बोर्डों/संस्थानों से ही होनी चाहिए। किसी अन्य देश से योग्यता रखने वाले आवेदकों को यूजीसी/एआईयू से प्राप्त समकक्षता प्रमाण पत्र को प्रस्तुत करना होगा।

All the qualifications must be from recognized Indian Universities/Boards/Institutions only. Applicants having qualifications from any other countries shall submit equivalency certificate from UGC/AIU.

6. आयु के प्रमाण के रूप में निम्नलिखित प्रमाणपत्र/दस्तावेज स्वीकार्य हैं (कोई एक):

   **i) सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त जन्म प्रमाण पत्र।**

   **ii) हाई स्कूल / माध्यमिक विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र / प्रवेश पत्र जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख किया गया हो।**

The following certificates/documents are acceptable as proof of Age (Anyone):

   **i) Birth Certificate from a competent authority.**

   **ii) High School/Secondary School Leaving Certificate/Admit Card in which date of birth is mentioned.**

7. समेकित पारिश्रमिक के अलावा, अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना के तहत चिकित्सा सुविधा (केवल स्वयं के लिए), मुफ्त परिवहन (वाहन में सीटों की उपलब्धता होने पर)की सुविधा दी जाएगी।

In addition to consolidated remuneration, Medical facility (For Self only) under the Contributory Health Services Scheme, Free Transport (Subject to availability of seats in the vehicle) facilities are admissible.

8. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची CPP-IPR की आधिकारिक वेबसाइट http://www.cppipr.res.in/ पर अपलोड की जाएगी, और साक्षात्कार हेतु बुलावे से संबंधित सभी पत्राचार केवल ईमेल के माध्यम से ही किया जाएगा। डाक द्वारा कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। जिन उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट नहीं किया जाएगा, उन्हें अलग से कोई सूचना नहीं दी जाएगी।

The list of shortlisted candidates will be uploaded on the CPP-IPR official website http://www.cppipr.res.in/ and CPP-IPR will carry out all correspondences regarding call for the interview through email only and no postal correspondence will be sent. There will be no separate communication for candidates who are not shortlisted.

9. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र में अपना सही और सक्रिय ई-मेल पता भरें क्योंकि संस्थान द्वारा सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किए जाएंगे। उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि भर्ती से संबंधित अपडेट के लिए संस्थान की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

The candidates are advised to fill in their correct and active e-mail address in the application form as all communications will be made by the institute through e-mail only. The candidates are also advised to refer to the website of the institute for regular updates on the recruitment.

10. परिशिष्ट/विलोपन/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) केवल संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

Addendum/deletion/corrigendum *(if any)* shall be uploaded on the Institute's website only.

11. चयन प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता के मामले में संस्थान का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

In case of any dispute/ambiguity that may occur in the process of selection, the decision of the institute shall be final and binding.

12. इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद केवल गुवाहाटी, असम में स्थित न्यायालयों / न्यायाधिकरणों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

Any dispute arising out of this advertisement shall be subject to the sole jurisdiction of the Courts/Tribunals situated at **Guwahati, Assam** only.

13. सीपीपी-आईपीआर के पास उपरोक्त पद के लिए किसी भी उम्मीदवार का चयन नहीं करने या बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

CPP-IPR reserves the right not to select any candidate for the above post or cancel the advertisement at any stage without assigning any reason thereof.

**14.** जिन उम्मीदवारों का चयन नहीं किया गया है, उनके रिकॉर्ड चयनित उम्मीदवारों की सूची के प्रकाशन की तारीख से केवल एक वर्ष के लिए संरक्षित किए जाएंगे।
Records of the candidates not selected shall be preserved only for a period of one year from the date of publication of the list of selected candidates.

**15.** आवेदक, आवेदन के नियम के आधार पर नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों के लिए खुद को प्रतिबद्ध करें। किसी भी प्रकार के जालसाजीपूर्ण दस्तावेज़, अनुचित सिफ़ारिश अथवा चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयास न केवल आवेदन की अस्वीकृति का कारण बनेंगे, बल्कि ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। Applicants, by virtue of the act of application, commit themselves to the highest standards of ethical practices. Fraudulent documents, canvassing in any form or influencing the process of recruitment at any stage shall not only result in rejection of the application but may also lead to legal action.

16. यदि CPP-IPR द्वारा JRF भर्ती के लिए प्रतीक्षा सूची (WAITING LIST) जारी की जाती है, तो उस सूची में शामिल उम्मीदवारों को नियुक्ति का प्रस्ताव योग्यता क्रम के अनुसार केवल निम्नलिखित परिस्थितियों में ही दिया जाएगा: चयनित उम्मीदवार के निर्धारित समयावधि में पद ग्रहण न करने पर, अथवा पद ग्रहण करने के पश्चात यदि वह 01 (एक) वर्ष की अवधि के भीतर त्यागपत्र दे देता है या उसका निधन हो जाता है, और उस समय तक कोई नई चयन सूची उपलब्ध नहीं होती है। प्रतीक्षा सूची की वैधता चयन सूची तैयार किए जाने की तिथि से 01 (एक) वर्ष अथवा ऐसी किसी नई भर्ती की अधिसूचना जारी किए जाने तक, जो भी पहले हो, तक सीमित होगी। प्रतीक्षा सूची जारी करना केवल CPP-IPR प्राधिकरण के विवेकाधिकार में होगा, जो चयन समिति द्वारा अनुशंसित पात्र, योग्य एवं सक्षम उम्मीदवारों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। सूचीबद्ध प्रतीक्षासूची वाले उम्मीदवारों को सीपीपी-आईपीआर में जेआरएफ के रूप में नियुक्ति के लिए दावा करने के लिए कोई अधिकार नहीं होगा।

In the case of issuing any WAITING LIST by CPP-IPR for the JRF recruitment, candidates who have been empaneled under the WAITING LIST will be offered an appointment in order of merit, ONLY IF in the event of the occurrence of vacancy caused by the non-joining of the selected candidate within the stipulated time allowed for joining the post or where the candidate joins the post but resigns or dies within a period of 01 (one) year from the date of joining if a fresh panel is not available by that time. The validity of the operation of the waitlist will be one year from the date of preparation of the selected panel for this recruitment or till notifying any such recruitment whichever is earlier. The issuance of the WAITING LIST is at the discretion of the CPP-IPR authority, contingent upon the availability of eligible, qualified, and competent candidates as recommended by the Selection Committee. Empaneled waitlisted candidates will not have any right to claim for appointment as JRF at CPP-IPR.

## आवेदन कैसे करें **HOW TO APPLY**

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे भरे हुए आवेदन पत्र को भारतीय डाक या किसी अन्य कूरियर सेवाओं द्वारा नीचे दिए गए पते पर भेजें। **सीपीपी-आईपीआर में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31/05/2025 है।** यदि नियत तिथि के भीतर कोई आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो इसके लिए सीपीपी-आईपीआर जिम्मेदार नहीं होगा। अंतिम तिथि के बाद सीपीपी-आईपीआर में प्राप्त आवेदनों अस्वीकार कर दिया जाएगा।

Interested candidates are requested to fill the application form and send it by India Post or any other courier services as convenient to the address given below. **The last date of receipt of applications at CPP-IPR is 31/05/2025.** CPP-IPR shall not be responsible if any application is not received within the due date. Applications received at CPP-IPR after the closing date will be rejected.

आवेदकों को आवेदन पत्र भरते समय निम्नलिखित दस्तावेजों को संलग्न करना आवश्यक है, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और संस्थान इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

1. हाल ही के पासपोर्ट आकार का एक रंगीन फोटोग्राफ।

2. संबंधित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां।

I. आयु प्रमाण।
II. सभी शैक्षिक मार्कशीट और प्रमाण पत्र आदि।
III. निर्धारित प्रारूप में जाति/समुदाय/वर्ग प्रमाण पत्र।
IV. कोई अन्य प्रासंगिक प्रशंसापत्र आदि।
V. यदि कही कार्यरत है, तो नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाणपत्र (NOC) जमा करना होगा।

Applicants are required to enclose the following documents while filling the application form, failing which their candidature will not be considered and the institute will not be responsible for the same.

1. A recent passport size color photograph.
2. Self-attested copies of supporting documents:
   i) Proof of age.
   ii) All educational mark sheets, certificates, etc.
   iii) Certificate of caste/community/class in the prescribed format.
   iv) Any other relevant testimonials etc.
   v) NOC from the employer to be submitted if employed.

सभी दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ आवेदन निम्नलिखित पते पर एक लिफाफे में "सीपीपी-आईपीआर/जेआरएफ/2025 के लिए आवेदन" लिखकर भेजना होगा:

| |
|---|
| प्रशासनिक अधिकारी - I<br>प्लाज़्मा भौतिकी केंद्र - प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (सीपीपी-आईपीआर)<br>नाजिराखात<br>डाक घर- सोनापुर<br>कामरूप (मेट्रो)<br>असम - 782402, भारत। |

**The application with self-attested copies of all documents should be sent in an envelope superscribing "Application for CPP-IPR/JRF/2025" to the following address:**

| |
|---|
| **Administrative Officer - I**<br>**Centre of Plasma Physics – Institute for Plasma Research (CPP-IPR)**<br>**Nazirakhat**<br>**P.O. Sonapur**<br>**Kamrup (M)**<br>**Assam – 782402, India.** |

आवेदन भरने में किसी भी प्रश्न/समस्या के मामले में, कृपया संपर्क करें – प्रशासनिक अधिकारी–I
(0361-2801503) (सुबह 9 बजे से शाम 5:30 तक, सोमवार से शुक्रवार) / ई-मेल –recruitment@cppipr.res.in

In case of any query/issue in filling the application, kindly contact – Administrative Officer – I (0361-2801503) (9 A.M. to 5:30 P.M., Monday to Friday) / Email – recruitment@cppipr.res.in

संस्थान एक ऐसा कार्यबल बनाने का प्रयास करता है जो लिंग संतुलन को दर्शाता है और इसलिए महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

The institute strives to have a workforce that reflects gender balance and hence women candidates are encouraged to apply.

**--हस्ता/Sd--**
कार्यकारी केंद्र निदेशक
**Acting Centre Director**

जूनियर रिसर्च फैलोशिप के लिए आवेदन / Application for Junior Research Fellowship

**प्लाज़्मा भौतिकी केन्द्र – प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान**

**CENTRE OF PLASMA PHYSICS-INSTITUTE FOR PLASMA RESEARCH**

**नाजीराखात, सोनापुर-782 402, असम, (भारत) Nazirakhat, Sonapur-782 402, Assam, India Web: www.cppipr.res.in**

**विज्ञापन सं/Advt. 03/2025**

1. **आवेदक का विवरण Details of the Applicant**

कृपया हाल ही में एक पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ चिपकाएं/

Please paste a recent passport sized colored photograph

| |
|---|
| नाम / Name: |
| |
| पिता का नाम / Father’s Name: |
| |
| माता का नाम / Mother’s Name: |
| |
| जन्म तिथि / Date of Birth: |
| |
| लिंग (पुरुष/स्त्री/अन्य) / Gender (M/F/O): |
| |
| श्रेणी ((अन(.जा. / (अन(.जन. / (अ(.व.पि. /एमओबीसी) /Category (SC/ST/OBC/MOBC): |
| |
| राष्ट्रीयता / Nationality: |
| |
| संपर्क नंबर: / Contact Phone No.: |
| |
| ईमेल आईडी / Email ID: |
| 2. **स्थायी पता / Permanent Address** |
| |
| घर का नाम/नंबर: / House Name/Number: |
| |
| स्थान/ गली: /Place/Street: |
| |
| शहर/गाँव / City/Village: जिला / District: |
| |
| थाना / Police Station: पिन कोड / Pin code: |
| |
| राज्य / State: |
| |

| **3. वर्तमान पता / Present Address** | |
|---|---|
| | |
| घर का नाम/नंबर: / House Name/Number: | |
| | |
| स्थान/ गली: /Place/Street: | |
| | |
| शहर/गाँव / City/Village: | जिला / District: |
| | |
| थाना / Police Station: | पिन कोड / Pin code: |
| | |
| राज्य / State: | |
| | |

**4. शैक्षणिक योग्यता/Educational Qualification**

| उत्तीर्ण परीक्षा / **Examination Passed** | उत्तीर्ण वर्ष / **Year of Passing** | विषय / **Subjects Taken** | बोर्ड/परिषद/कॉलेज/ विश्वविद्यालय / **Board/Council/ College/University** | विभाग/श्रेणी/रैंक / **Div/Class/Rank/ Score** | प्राप्त अंक (%) / **Percentage of Marks Obtained** |
|---|---|---|---|---|---|
| 10वीं कक्षा – X Standard | | | | | |
| 12वीं कक्षा – XII Standard | | | | | |
| बैचलर ऑफ़ साइंस – B. Sc. | | | | | |
| मास्टर ऑफ़ साइंस – M. Sc. | | | | | |

**5. NET/GATE/JEST** (यदि आपके पास क्वालीफाइंग स्कोर नहीं है तो कृपया शून्य डालें)
**NET/GATE/JEST** (Please put NIL if you do not have the qualifying score)

| **क्र.सं. / Sl. No.** | उत्तीर्ण वर्ष / Year of Passing | योग्यांक प्राप्त अंक / Qualifying Score Obtained |
|---|---|---|
| NET | | |
| GATE | | |
| JEST | | |

अनुसंधान अनुभव, यदि कोई हो/ **Research experience, if any**:

अनुसंधान प्रकाशनों की संख्या, यदि कोई हो/ **Number of research publications, if any**:

पुरस्कार/छात्रवृत्तियाँ, यदि कोई हो / **Award/Scholarships, if any**:

कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी / **Any other relevant information**:

घोषणा / **Declaration: -**

मैं यह घोषणा करता हूँ कि मैं भारत का नागरिक हूँ। मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि उपरोक्त जानकारी मेरी सर्वश्रेष्ठ जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है। मैंने उपरोक्त विवरण में कोई भी महत्वपूर्ण तथ्य या जानकारी छुपाई नहीं है। यदि मैंने कोई गलत जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य या जानकारी को छुपाया है, तो मेरी उम्मीदवारिता/सेवा बिना किसी नोटिस या कारण के समाप्त की जा सकती है। मुझे किसी भी ऐसे परिस्थिति का ज्ञान नहीं है जो मेरी सरकारी सेवा के लिए फिटनेस को प्रभावित कर सकती हो। / I hereby declare that I am a citizen of India. I hereby certify that the above mentioned information is correct to the best of my knowledge and belief. I have not suppressed any material fact or factual information in the above statement. In case I have given any wrong information or suppressed any material fact or factual information, my candidature/service is liable to be terminated without giving any notice or reason thereof. I am not aware of any circumstances which might impair my fitness for employment under the Government.

दिनांक / Date: उम्मीदवार के हस्ताक्षर / Signature of the applicant

स्थान / Place: